तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 नक्शा प्रोजेक्ट के तहत जिले में ड्रोन फ्लाई सर्वे प्रारंभ

14 जल अभाव क्षेत्र घोषित होने के बाद प्रशासन प्रतिदिन बीस...

खबर संक्षेप

डीएमएफ की शासी परिषद् की बैठक 1 को

धमतरी। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद् की बैठक आगामी एक मई को आहूत की गई है। दोपहर तीन बजे से यह बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अबिनाश मिश्रा ने इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

1 मई को निकलेगी आरटीई की लॉटरी

धमतरी। आरटीई के तहत रिक्त 1066 सीटों के लिए तीन गुना से ज्यादा आवेदन मिले हैं। आवेदन लेने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मई की पहली और दूसरी तारीख को लॉटरी निकालकर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। आरटीई के तहत इस साल 188 निजी स्कूलों ने पंजीयन कराया है। इन स्कूलों में मुफ्त शिक्षा के लिए 1066 सीट रिक्त हैं जिस पर प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार इन रिक्त सीटों के लिए कुल 3449 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 17 मार्च से 25 मार्च तक आवेदनों की स्क्रूटनी की गई। अब प्रवेश लॉटरी निकालने की तैयारी चल रही है। 1 मई और 2 मई को लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद 5 मई से 30 मई तक छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। 2 जून से दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। खास बात यह है कि दूसरे चरण में उन लोगों को मौका दिया जाएगा, जो पहले चरण में आवेदन करने से चूक गए हैं। इसके अतिरिक्त पहले चरण में जिन्हें प्रवेश नहीं मिला है, उन आवेदनों को भी प्रवेश प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

जिले में 6 सौ खातों में नहीं आ रही किस्त, आंगनबाड़ी से लेकर बैंक तक चक्कर लगा रही महिलाएं

आधार लिंक, फिर भी नहीं मिल रहा महतारी वंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केवायसी और आधार अपडेट होने के बाद भी कई खातों में महतारी वंदन की राशि नहीं आ रही है। परेशान महिलाएं आंगनबाड़ी से लेकर बैंक तक चक्कर लगा रही हैं लेकिन उन्हें कहीं भी संतोषप्रद जवाब नहीं मिल रहा है। कई महिलाओं ने तो अब उम्मीद भी छोड़ दी है।

राज्य शासन ने घोषणा के अनुसार हर महतारी वंदन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत हर माह महिलाओं के खाते में 1 हजार रुपए डाले जा रहे हैं। अब तक इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में 13 किस्त डाली जा चुकी है। मई माह में 14वीं किस्त डाली जाएगी, जिसकी तैयारी चल रही है। राशि डालने से पहले पोर्टल को बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 5 दिनों के भीतर खातों में राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। उधर बड़ी संख्या में महिलाएं खाते में राशि नहीं आने से परेशान हैं। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने अपना आधार बैंक से लिंक करवा लिया है। इसके बाद भी उनके खाते में राशि नहीं आ रही है। उन्होंने बताया कि खाता में आधार लिंक होने के 10 साल तक उसे वैध माना जाता है। यहां पर माह दो माह पहले आधार अपडेट किया गया है, फिर भी उनके खातों में राशि नहीं आ रही है। वे आंगनबाड़ी से लेकर बैंक तक चक्कर लगा रही हैं। बैंक से दो टूक में जवाब मिलता है कि खाते में आधार लिंक है। खाते में बीते माह में महतारी वंदन की राशि आ रही है मतलब आपका आधार लिंक है। वर्तमान माह में आधार से खाता अलग नहीं हो सकता। खातों में राशि नहीं आने का कारण महिला बाल विकास विभाग से पूछने कह रहे हैं। ऐसी शिकायतों के चलते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी परेशान हो चुकी हैं।

यह है स्थिति

जिले में महतारी वंदन योजना के 2 लाख 36 हजार हितग्राही हैं। इसमें से करीब 11 सौ लोगों के खाते में राशि नहीं जा रही थी। स्थिति को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर लगाकर खातों को अपडेट किया गया है। इसके बाद भी करीब 6 सौ खाते बच गए हैं, जिनमें राशि नहीं जा रही है। राशि नहीं जाने का प्रमुख कारण खाता इनएक्टिव, आधार अपडेट नहीं होना, अकाउंट होल्ड होना, अकाउंट बंद होना, केवायसी नहीं होना बताया गया है।

लगाया शिविर

इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा शिविर लगाकर महिलाओं का खाता खोला जा रहा है। साथ ही उन्हें आश्वासन भी दिया जा रहा है कि खाता खुलने के तीन दिन में आधार लिंक कर दिया जाएगा और महतारी वंदन की राशि उनके खाते में आनी शुरू हो जाएगी। जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर के पांच वार्ड में शिविर लगाया गया था। इसमें अंबेडकर वार्ड, गोकुलपुर वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, बठेना वार्ड और जालमपुर वार्ड शामिल हैं।

एक साथ आएगी राशि

जागरूकता की कमी के चलते महिलाएं खाता अपडेट नहीं कर पाई हैं। महिलाओं का खाता अपडेट करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बड़ी संख्या में खाता अपडेट किए जा चुके हैं। अब 4-5 सौ खाते ही बचे हैं, जिनमें किस्त नहीं जाने की समस्या है। इस समस्या को भी सुलझा लिया जाएगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा शिविर लगाकर 200 रूपए में महिलाओं के खाते खोले जा रहे हैं। आधार लिंक होने पर जितनी किस्त बाकी है, सब एक साथ खाते में आएगी।

- **महेश मरकाम,** *जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी*

93 आवेदन का किया गया निराकरण

सुशासन तिहार में पुलिस विभाग को मिले 241 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश स्तर पर आयोजित सुशासन तिहार में पुलिस विभाग को 241 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 93 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देश में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपनी मांग और समस्याओं को लेकर आवेदन किया गया जिसमें जिले के पुलिस विभाग को सभी थानों का मिलाकर कुल 241 आवेदन मिले हैं। इस सिलसिले में एसपी द्वारा थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण किए जाने निर्देशित किया गया था। जिला पुलिस को मिले कुल 241 आवेदनों में से 93 आवेदन का निराकरण किया गया है। इनमें से कुछ शिकायत व कुछ मांग से संबंधित आवेदन हैं। पुलिस विभाग को मिले 241 आवेदनों में 128 आवेदन दूसरे विभाग से संबंधित है। उक्त आवेदनों को संबंधित विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस विभाग के पास शेष 20 आवेदन ही लंबित है जिसका भी शीघ्र निराकरण किया जा रहा है।

एक्सीडेंट कर कार ने युवक को दूर तक घसीटा

- गंभीर रूप से घायल को किया गया रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को ठोकर मार उसे दूर तक घसीटता चला गया। घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल से रायपुर रिफर कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात्रि तीन व्यक्ति किसी बात पर नगरी-सांकरा मार्ग पर एक कृषि दवाई दुकान के पास

में झगड़ रहे थे। इसी दौरान सांकरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने तीनों में से एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। ठोकर मारने के बाद कार चालक द्वारा उक्त व्यक्ति को घसीटते हुए नगरी के बरगद चौक तक ले गया। जहां से चालक अपनी कार को श्रृंगी ऋषि इंग्लिश मीडियम स्कूल की तरफ मोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद वहां पहुंच समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट को देखते हुए घायल को धमतरी रिफर कर दिया गया। संजीवनी 108 की मदद से घायल को इलाज के लिए रात्रि में ही जिला अस्पताल लाया गया। जहां उचित उपचार के लिए घायल को हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया। फिलहाल घायल व कार चालक का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है।

उड़नदस्ता दल ने जब्त किया 32 नग अर्जुन और 4 नग साजा प्रजाति की अवैध लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वन परिक्षेत्र धमतरी के अंतर्गत ग्राम रीवागहन में सोमवार को वन विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा चेतन साहू के सॉ मिल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पर मिल में अवैध रूप से रखे गये अर्जुन एवं साजा प्रजाति की लकड़ी को जप्त किया गया।

वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव के निर्देश और संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद, परिसर रक्षक कुरूद और गवाहों की उपस्थिति में लकड़ी की नापजोख की गई। अर्जुन प्रजाति लकड़ी 32 नग-3.700 घ.मी. और साजा प्रजाति लकड़ी 4 नग-0.303 घ.मी. जप्त किया गया। इसके साथ ही संबंधित के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण जारी कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में धमतरी रेंजर संदीप सोम, एरावत सिंह मधुकर डिप्टी रेंजर कुरूद, उड़नदस्ता दल के

सदस्य उमेश सिंह डिप्टी रेंजर, ज्ञानचंद कश्यप डिप्टी रेंजर, नरेश उपाध्याय डिप्टी रेंजर अर्जुन निर्मलकर, परिक्षेत्र सहायक उत्तर धमतरी, शशिकांत साहू, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर धमतरी एवं भगतराम चेलक, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर कुरूद उपस्थित रहे।

युवक पर कांच से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

- गोकुलपुर के भटगांव चौक के पास फिर हुई खूनी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोकुलपुर के भटगांव चौक के पास एक बार फिर खूनी घटना हुई है। जहां पुरानी रंजिश के चलते युवक पर कांच से हमला कर घायल कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि बीते मार्च महीने में होली त्यौहार के बाद गोकुलपुर के भटगांव चौक के पास खड़े एक युवक पर ताबड़तोड़ चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के लगभग महीने भर बाद गोकुलपुर के भटगांव चौक में शनिवार की रात्रि फिर खूनी घटना हुई है। पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल की रात्रि 8.40 बजे तामेश्वर भोयर खाना खाकर गोकुलपुर भटगांव चौक के आगे टहलने निकला था। तामेश्वर पीपल पेड़ के पास खड़ा था। इसी दौरान गोपाल कृष्ण यदु उर्फ कान्हा पुराने लड़ाई-झगड़े की बात को लेकर वहीं पर पड़े कांच के टुकड़ा से तामेश्वर पर हमला कर मारपीट करके भाग गया। आरोपी घटना करने में उपयोग किए गए कांच के टुकड़ा को भी साथ ले गया। हमले में तामेश्वर को चोट आई थी। पीड़ित की शिकायत पर सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कोतवाली पुलिस ने तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी गोपाल कृष्ण यदु उर्फ कान्हा पिता प्रेमशंकर यदु उम्र 19 वर्ष भटगांव चौक के पास गोकुलपुर निवासी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कांच के टुकड़े को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी गोपाल कृष्ण यदु उर्फ कान्हा को धारा 391-2, 118-1 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

37 किसानों के 65 एकड़ जमीन पर दावा करने का मामला

भू-माफिया के खिलाफ देमारवासियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत देमार में सालों से लगानी जमीन पर काबिज कास्तकारों से कब्जा हटाने के षड्यंत्र के मामले में ग्रामवासियों ने कलेक्टोरेट का घेराव किया। ग्रामीण बसंत मीनपाल, संतोष कुमार, अविनाश, अंगेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने जनपद धमतरी से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी के साथ जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने बेरीकेट्स लगाकर प्रदर्शनकारियों कलेक्टोरेट प्रवेश करने से रोका।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा 37 किसानों के 65 एकड़ जमीन पर भू-माफियाओं से मिलीभगत कर अधिकारियों पर दबाव बनाकर कब्जा दिलाने के लिए तहसीलदार को आवेदन किया है। गांव में यह जानकारी तब हुई जब तहसीलदार ने पटवारी को शीघ्र प्रतिवेदन देने का निर्देश किया। फर्जी प्रकरण तैयार

कर वर्षों से काबिज कास्तकारों को परेशान किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त व्यक्ति द्वारा शासकीय जमीन को बेचा गया है। जबकि उनके नाम पर गांव में कोई जमीन नहीं है। इस मामले में ग्रामीणों ने कहा है कि उनकी समस्या का निराकरण नहीं होने पर जन आंदोलन तथा चक्काजाम की स्थिति पैदा होगी। भू-माफिया को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

सियादेही के आश्रित ग्राम मोहलई में पानी के लिए तरस रहे हैं लोग

ऐसा गांव जहां बेटों के लिए बहू मिलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- सालों पुरानी समस्या का नहीं हो रहा है समाधान

ग्राम पंचायत सियादेही के आश्रित ग्राम मोहलई में पानी की समस्या यहां तक पहुंच गई है कि मोहलई के युवकों की शादी का रिश्ता टूटने लगा है। पानी के लिए बूंद-बूंद तरस रहे गांव में लोग अपनी बेटियों की मोहलई के युवकों से नहीं कराना चाहते। शहर से 13 किमी दूर नगरी ब्लाक के ग्राम मोहलई पानी की विकराल समस्या से जूझ रहा है। गौरतलब है कि मार्च के महीने में भी मोहलई के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में अपनी पीड़ा रखी थी लेकिन इस समस्या का समाधान के बदले और विकट हो गई है।

ग्राम मोहलई की आबादी 500 है। यहां हर साल गर्मी के दिनों में पेयजल संकट का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है। भू-जल स्तर गिरने से मोहलई के 30 हैंडपंप तथा 1 ओव्हरहेड टैंक बंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलसंकट से निबटने ग्रामीणों ने चंदा कर टैंकर किराये पर लिया है जिसका किराया प्रतिदिन 3000 रूपये है। इसमें से आधी राशि ग्राम पंचायत द्वारा अदा की जाती है लेकिन अब ग्रामीण चंदा की राशि जमा करने में असमर्थ है। सरपंच दुर्गेश सूर्यवंशी, पंच उत्तम ध्रुव, गणिता नेताम, शिवकुमार, भगवती, सोना बाई, टेकेश्वर, हेमलाल ने कहा है कि पूर्व कलेक्टर ने जल जगार के तहत गांव में पेयजल के लिए बोर खनन कराया। वह भी बंद है। लोगों को लंबी दूरी तय कर अरौद खार से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण चाहते हैं कि उनके गांव में पानी गंगरेल बांध के सेडल डेम फुटहामुड़ा से पाइप लाइन के माध्यम से स्थायी रूप से पहुंचाया जाए।

बेटों की टूट रही है शादियां

ग्रामीण प्रीतराम, मन्नूलाल, खोरबाहरा, रायसिंग आदि ने बताया कि पानी की समस्या से निजात नहीं मिला तो लोगों को गांव छोड़ने की मजबूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि गांव के लड़कों के लिए ब्याह के रिश्ता इसलिए टूट रहा है कि गांव में पानी की भीषण समस्या है। लोग लड़के का घर देखने पहुंचते हैं जहां पानी की समस्या देखकर रिश्ता तोड़ देते हैं। लोग इस गांव में अपनी बेटियों को बहू बनाकर नहीं भेजना चाहते। लड़कियों के लिए यह समस्या नहीं है।

बेरोजगार युवा सीखेंगे कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाना

धमतरी। स्वरोजगार करने के इच्छुक बेरोजगार युवा कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाना सीखेंगे। इसके लिए उन्हें कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी की निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में तीन मई तक आवेदन लिए जाएंगे। इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि यह ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार कर हुनरमंद बन सकेंगे। युवाओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी, ज्वेलरी डिजाइन, गहना बनाने की कला, अंगूठी, चूड़ी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा बैंकिंग, कॉस्टींग और प्राइसिंग की भी जानकारी दी जाएगी।

VIDHYA KUNJ SCHOOL
LOHARSI (DMT)
WALK IN INTERVIEW
FOR PRT
A teacher should have good command in ENGLISH AND MATHS
SALARY- 12000/- onwards
Based on Qualification, experience, subject command and communication skills
VENUE
VIDHYA KUNJ KIDS
ATHWANI GALI, DHAMTARI
DATE : 01/05/2025, THURSDAY
TIME - 10 a.m.
Calling Number
89625-63393
NOTE- SCHOOL WILL REACH BACK AS PER THE REQUIREMENT

खबर संक्षेप

मोनीषा चक्रधारी नई दिल्ली में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी

मगरलोड। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथीडीह की छात्रा कुमारी मोनीषा चक्रधारी का 68वां स्कूल नेशनल गेम्स गतका में चयन हुआ है। वे 22 से 27 अप्रेल तक दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम नई दिल्ली में अपना खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। नेशनल स्कूल गेम्स गतका में चयनित होने पर समस्त स्कूल के स्टाफ प्राचार्य आर के साहू, डी के मानिक, जे.के टंडन एल. ए ल.निषाद उदयभान पाल, एम.के साहू, आर. एस दीवान, उषा निर्मलकर, अनीता गौर, यादराम साहू आसाराम कंवर एवं व्यायाम शिक्षक वेदराम साहू और शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवन साहू, सरपंच दीक्षा मुकेश पटेल, समस्त पंच और समस्त ग्रामीण जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

ग्रीष्मकालीन शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर 1 मई से

कुरुद। निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक व करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में साहू समाज के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 1 मई से प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक किया जायेगा। विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान के साथ स्पोकन इंग्लिश, धर्म अध्यात्म, नैतिक शिक्षा, जीवन विद्या, राष्ट्रीय मूल्यों की शिक्षा, संस्कार, नवोदय विद्यालय, प्रयास विद्यालय, प्रतिभा खोज आदि परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। साथ ही प्रत्येक सप्ताह जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों का करियर मार्गदर्शन व प्रेरणात्मक उदबोधन भी होगा। परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष गिरधारी साहू ने विद्यार्थियों को इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान, देवांगन समाज भवन के लिए 10 लाख की घोषणा

जिला देवांगन समाज का हुआ 60वां वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री/धमतरी

धमतरी जिला देवांगन समाज के तत्वाधान में 60 वां वार्षिक सम्मेलन वर्ष 2025 रविवार 27 अप्रैल को आयोजित किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही दीप प्रज्जवलित कर माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामू रोहरा महापौर उपस्थित हुए। अध्यक्षता विनय देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी ने किया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में मोनिका देवांगन सभापति, स्वास्थ्य महिला एवम बाल विकास जिला पंचायत धमतरी, कौशिल्या देवांगन सभापति नगर पालिक निगम धमतरी, दउवा लाल देवांगन पूर्व संरक्षक जिला देवांगन समाज धमतरी, कुंजलाल देवांगन संरक्षक जिला देवांगन समाज धमतरी, भोलानाथ देवांगन पूर्व जिलाध्यक्ष धमतरी जिला देवांगन समाज, भगवान सिंह देवांगन पूर्व संरक्षक धमतरी जिला देवांगन समाज ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। उपस्थित अतिथियों का हार गुलाल से स्वागत किया गया।

मंडल पदाधिकारीगण एवम पूरे धमतरी जिले के देवांगन समाज के अंतर्गत आने वाले सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित समाज सेवा में कार्यरत व्यक्तियों का भी सम्मान हुआ। उनको मोमेंटो एवम श्रीफल से सम्मानित किया गया। चारों प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्षों ने सामाजिक आय व्यय का ब्यौरा दिया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवांगन समाज अपने कर्मबल, मेहनतकश और स्वरोजगार को लेकर एक विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। जिला अध्यक्ष विनय देवांगन की मांग पर महापौर रामू रोहरा ने देवांगन समाज भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपए देने और शहर के एक चौक को मां परमेश्वरी चौक का नाम देकर विकसित करने का आश्वासन दिया है। जिला अध्यक्ष विनय देवांगन ने कहा कि सामाजिक एकजुटता के चलते विभिन क्षेत्रों में देवांगन समाज के अनेकों जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए हैं। इस पर जिला देवांगन समाज गौरवान्वित महसूस करता है कि सामाजिक बंधु अपने क्षेत्र में एक बतौर लीडर काम कर रहे हैं।

मौके पर जिला के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष प्रीत देवांगन, लखन लाल देवांगन, घनश्याम देवांगन, जयलाल देवांगन सचिव, बृजलाल देवांगन कोषाध्यक्ष, दशेलाल देवांगन संगठन सचिव, खुबलाल देवांगन सहसचिव, पामेश देवांगन मीडिया प्रभारी, युवा प्रकोष्ठ से अध्यक्ष दीपेश देवांगन, बूकेश, देवेंद्र उपाध्यक्ष, वेदप्रकाश देवांगन सचिव, महिला प्रकोष्ठ से अध्यक्ष वेदिका देवांगन, संरक्षक रेखा देवांगन, पुष्पा देवांगन, मंथरा, सीमा, अमरिता देवांगन, सचिव देवकी देवांगन, चेतना देवांगन अंकेक्षक, समस्त मंडल अध्यक्षों में जगदीशचंद्र देवांगन, मणिराम देवांगन, विनय देवांगन, चम्पेश्वर देवांगन, विजय देवांगन, नेरित देवांगन, खेमलाल देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, मानसमणि देवांगन, भवन निर्माण समिति के संरक्षक शत्रुहन देवांगन, टीकाराम देवांगन अध्यक्ष, केशकुमार, धनुष कुमार उपाध्यक्ष, पीयूष देवांगन सचिव, शांतिलाल कोषाध्यक्ष सहित समस्त मंडल, प्रकोष्ठ के सदस्यगण एवम सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

जीनियस स्कूल में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी में 14 वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया जिसमें नर्सरी, केजी 2 के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उनके द्वारा बस्तरिया, सरगुजिया, छत्तीसगढ़ के विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य की अनेक रंग देखने को मिली। साथ दूसरे राज्य के सांस्कृतिक कार्यक्रम रिकॉर्डिंग डांस में छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षण प्रस्तुति दिया गया।

उद्बोधन में विधायक अंबिका मरकाम ने जीनियस स्कूल के अनुशासित संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों के कारण ही हमारा क्षेत्र निरंतर गौरवान्वित हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, सतत प्रयास और नैतिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए यह भी कहा कि नई पीढ़ी को सक्षम, संस्कारित और स्वावलंबी बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालयों को तकनीकी शिक्षा और व्यवहारिक ज्ञान के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वहीं में जीनियस पब्लिक स्कूल, नगरी संचालक मोहन सोनी समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

समय की महत्ता बताने छात्रों को दी घड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम खपरी के मिडिल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन कर 8वीं पास होने वाले छात्र-छात्राओं को ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के सभापति अग्रवाल साहू थे। उन्होंने छात्रों को समय का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए सभी 22 छात्र-छात्राओं को उपहार स्वरूप घड़ी प्रदान की।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष लुकेश्वरी साहू, शिक्षाविद आरआर रायपुरिया, प्रधानपाठक केएल साहू, डीके सिन्हा, बीआर साहू, विनेवरी साहू आदि उपस्थित थे।

कठौली में पढ़ई तिहार एवं अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

छत्तीसगढ़ में पढ़ई तिहार एवं अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम जिला स्तरीय कार्यक्रम संकुल केन्द्र कठौली एवं पीएमश्री प्राथमिक शाला कठौली के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को अंगना म शिक्षा के अंतर्गत नई पारी के रूप में पढ़ई तिहार का आयोजन किया जाता है। विगत 4 वर्षों से इसी तिथि में यह त्यौहार आयोजित कर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले माताएं एवं बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में सीखना-सिखाना जारी रख सकें, इसके लिए इस तिथि का चयन किया गया है। पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी 9 काउन्टर बनाकर बच्चों का आंकलन किया गया।

इस दौरान शामिल होने वाले लक्ष्य समूह आंगनबाड़ी /बालवाड़ी से लेकर कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 5 से 7 वर्ष के बच्चे हैं। इन बच्चों के नाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों से प्राप्त कर उनकी शतप्रतिशत उपस्थिति उनके माताओं के साथ तय की गई । इस वर्ष राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा पढ़ाई तिहार आयोजन के लिए समस्त प्राथमिक शाला में विभिन्न प्रकार की सामग्रियां भी भेजी गई है । शिक्षकों और माताओं का पढ़ई तिहार के प्रति उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच आवार्ड से भी नवाजा गया है। राज्य में अभी तक पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम से तीन लाख से अधिक माताएं सक्रिय रूप से जुड़ चुकी हैं और बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, सरपंच खेमराज साहू, मौरीकला सरपंच वीणा रोहित साहू, तामेश्वरी साहू पूर्व जनपद सदस्य, जानू साहू, छबि साहू, राजकुमार, जिला एवम ब्लाक से एन के साहू , सी के साहू ,कुलेश्वर सिंह, संकुल समन्वयक दिनेश साहू, प्रधान पाठक ललित साहू,नीतू साहू, टीकम साहू, शिक्षक गण पवन बांसकर,प्रकाश साहू, दीपक साहू, लोकेश, ऋतुराज, यशवीर, सुरेश, मिथलेश, लोमश साहू, जनक दुलारी बिसन साहू, गुमान साहू, समस्त स्मार्ट माता सहित अन्य ग्रामवासी शामिल हुए।

बिजली कटौती से भखारा के उपभोक्ता परेशान

- ग्रामीण अंचल में बिना रोस्टर के बिजली की आपूर्ति हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

तमाम प्रयास के बावजूद भखारा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है। ग्रामीण अंचल में बिना रोस्टर के बिजली की आपूर्ति की जा रही है। दिन में भी घंटों कटौती की जा रही। इससे इलेक्ट्रानिक मरम्मत की दुकानों में कार्य प्रभावित हो रहा है। शाम के वक्त कटौती की वजह से चोर-उचक्कों की सक्रियता बढ़ जाती है। सुबह बिजली आपूर्ति न होने से पेयजल की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। ट्रिपिंग व लोकल फाल्ट से मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। शिकायत के बाद भी विभागीय इंजीनियर चुप्पी साधे हुए हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में 18 से 20 घंटे तक विद्युत आपूर्ति किए जाने का शेड्यूल निर्धारित है लेकिन यहां के विद्युत उपकेंद्रों से दिन में घंटों आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इससे उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं। इलेक्ट्रानिक दुकानदारों, कामर्शियल उपभोक्ताओं के धंधे पर विपरीत असर पड़ रहा है। सब्जी की खेती पर भी कटौती का असर पड़ रहा है। घंटों बिजली गुल रहने से किसान सिंचाई ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। बिजली आपूर्ति का शेड्यूल भी तय किया गया है, जिसमें शहर क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का शेड्यूल है। वहीं तहसील क्षेत्र में साढ़े 21 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति करने का शेड्यूल तय है, लेकिन लोगों को शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। हालत यह है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र में महज 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल रही है। भखारा क्षेत्र में इस समय महज चार से छह घंटे बिजली मिल रही है, लेकिन उसके भी आने का कोई समय नहीं रह गया है।

भखारा क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजली की हालत अब तक पूरे साल में सबसे खराब रही। दिन में तो घंटे-घंटेभर बिजली गायब रहती है। दोपहर 2 बजे के बाद हर पांच से दस मिनट पर बिजली कट रही है।

कुश कुमार अग्निवीर में चयनित, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

27 अप्रैल को रोशन लाल पटेल ग्राम सिलतरा के सुपुत्र कुश कुमार पटेल को अग्निवीर इंडियन आर्मी (जीडी) के तहत पैरा एसएफ कमांडर में चयन होने पर समस्त ग्रामवासी एवं पारिवारिक सदस्यों व जी जामगांव राज पदाधिकारियों के बीच विदाई दी गई।

इस अवसर पर राज पदाधिकारियों संरक्षक बैशाखु राम पटेल, सलाहकार भागीरथी पटेल, राधे लाल पटेल सचिव महेंद्र कुमार पटेल द्वारा जी जामगांव राज द्वारा प्रोत्साहन राशि 5000 जो कि सेना में भर्ती होने पर उत्साह वर्धन हेतु राज द्वारा प्रदान किया गया। जिसमें ग्रामीण सरपंच संतोष कुमार पटेल ग्रामीण अध्यक्ष भीखम निषाद दाऊ लाल पटेल, खेदन पटेल, भुवन पटेल, महरण पटेल, सोहन पटेल सोनू पटेल दिलीप पटेल जोहन विकास अनुराग व सिलतरा के समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

धमतरी के गाइडर राज्य स्तरीय एडवेंचर एवं हाइक शिविर में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के वित्तीय सहयोग से भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय एडवेंचर हाइक, व्यक्तित्व विकास तथा प्राकृतिक अध्ययन शिविर 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्राम जलकी सिरपुर जिला महासमुंद में आयोजित किया गया। जिसमें धमतरी जिले की स्काउट गाइड विभाग की ओर से गाइडर राधिका नेताम, योगिता कंवर, दीपमाला साहू, सुश्री स्मिता ने सरिता पांडे राज्य प्रशिक्षण आयुक्त के निर्देशन में तथा डीओसी सुश्री हिना भेंसले धमतरी, डीओसी रंजीता राज सक्ति के मार्गदर्शन में शामिल हुए। प्रथम दिवस वहां स्थित रोज गार्डन का भ्रमण कर प्राकृतिक नजारों का अवलोकन किया गया। द्वितीय दिवस अलोहा एडवेंचर कैंप में जॉइंट स्विंग, जिपलाइन, रोपवे लाइन जैसे विभिन्न रोमांचक एवं साहसिक एडवेंचर गतिविधियों का आनंद प्राप्त किया गया। तृतीय दिवस छत्तीसगढ़ के प्रमुख ऐतिहासिक पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थल सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर का दर्शन प्राप्त कर वहां के ऐतिहासिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक जानकारी प्राप्त की। शिविर में प्रत्येक दिवस रात्रि काल में कैंप फायर और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे छत्तीसगढ़ी संस्कृति आधारित नृत्य सुआ, करमा, पंथी, बारहमासी, होली, राउत नाचा, ददरिया, आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया जाता था।

करेलीबड़ी गांव में पेयजल समस्या का शीघ्र होगा निराकरण, जनदर्शन में मिले 57 आवेदन

कलेक्टर मिश्रा की पहल पर दिनेश को मिलेगी बीमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोगों की समस्या, मांग एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन कलेक्टोरेट में किया जाता है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को जिले के दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या व शिकायतें सुनी और उनका गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। नगरी निवासी दिनेश कुमार नेताम ने आज जनदर्शन में पहुंचकर बताया कि उनका परिवार तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य करता है। बीते वर्ष उनकी पत्नी की मृत्यु हो गयी हैं। शासन द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रदान की जाने वाली बीमा की राशि अब तक नहीं मिल पायी है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उक्त आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करने हेतु वनमंडलाधिकारी को निर्देशित किया। वहीं ग्राम परसट्टी निवासी दिव्यांग मानिकराम साहू ने अपनी भूमि का सीमांकन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए एसडीमए धमतरी को निर्देशित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिव्यांग मानिकराम साहू से शासन की अन्य योजनाओं का लाभ लेने को भी कहा। मानिकराम ने बताया कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बन चुका है और शासन की पेंशन योजना का लाभ भी मिल रहा है। इसी तरह सरपंच, ग्राम पंचायत करेलीबड़ी ने अपने आवेदन में पेयजल, नवीन बोर, ग्राम विकास हेतु नवीन कार्य स्वीकृत करने, निस्तारी हेतु तालाबों में पानी देने सहित अन्य समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने एसडीएम कुरूद और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में पेयजल की समस्या को खत्म करने शीघ्र कार्यवाही कर अवगत कराने कहा। वहीं नारी गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्र में चल रही अवैध रेत खदानों को तत्काल प्रभाव से बंद कर कार्यवाही करने हेतु आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने खनिज विभाग के अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने कहा।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चम्पेश्वर साहू उम्र 43 वर्ष पिता केवल, निवासी-ग्राम मेघा, डोन्गाघाट पारा, तह. मगरलोड, जिला-धमतरी (छ.ग.) का हूँ मेरे पुत्र का वास्तविक नाम सुमंत कुमार साहू (SHUMANT KUMAR SAHU) पिता चम्पेश्वर साहू (CHAMPESHWAR SAHU) जो उनके जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है किन्तु उसके आधार कार्ड में शुभम साहू (SHUBHAM SAHU) पिता चम्पेश्वर साहू (CHAMPESHWAR SAHU) दर्ज है जिसे परिवर्तित कर वास्तविक नाम सुमंत कुमार साहू (SUMANT KUMAR SAHU) पिता चम्पेश्वर साहू (CHAMPESHWAR SAHU) दर्ज किये जाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

अतः अब से मेरे पुत्र को सुमंत कुमार साहू (SUMANT KUMAR SAHU) पिता चम्पेश्वर साहू (CHAMPESHWAR SAHU) के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावें।

शपथकर्ता
चम्पेश्वर साहू

मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जीजामगांव में 2 से

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

साहू परिवार जीजामगांव के तत्वाधान में शिव पार्वती परिवार, शिवलिंग, नदी, राम दरबार एवं राधे कृष्ण मूर्ति की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 02 मई से 06 मई तक आयोजित किया गया है। साहू पारिवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 02 मई को वेदी स्थापना एवं जल कलश यात्रा महामाया मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण के प्रश्चात महामाया मंदिर प्रांगण में भण्डारा भोजन के साथ समापन होगा। 03 मई को बेदी पूजा, जलाधिवास, जलाधिवास एवं अन्नाधिवास, सुबह 09 से दोपहर 02 बजे तक श्री रामेश्वर मंदिर महामाया मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी तथा गायत्री परिवार जीजामगांव द्वारा प्रज्ञा पुराण संध्या 04 बजे से संध्या 6.30 बजे तक, आध्यात्मिक सत्संग प्रजापति ब्रम्हाकुमारी द्वारा संध्या 6.30 बजे से 7.30 बजे तक। 04 मई को बेदी पूजा प्राण प्रतिष्ठा शिवलिंग जलाभिषेक एवं हवन पूजन, श्रीमद भागवत गीता पाठ गीता परिवार के द्वारा, 05 मई को श्री रामचरित मानस अखंड पाठ एवं सम्पूर्ण संगीतमय भक्तिमय रामायण मानसगान मंडली श्रीराम पाण्डेय मानस परिवार एवं साथी कलाकार जौनपुर उत्तर प्रदेश होंगे। 06 मई को रामचरित मानस अखंड एवं सम्पूर्ण संगीतमय भक्तिमय रामायण तथा संध्या 04 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक कला महोत्सव महामाया मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी।

आयोजन की तैयारी में सुखचैन राम साहू, श्रीमती सावित्री देवी साहू, नीलकांत, पार्थ प्रीतम, घनश्याम, संदीप कुमार, मनोहर, बलदेव राम, बलिराम, वरुण कुमार, संतराम, केमल सिंह, टकेश कुमार, हीराराम साहू, अरुण कुमार, देवचरण चंद्राकर सरपंच, भारत ढीमर एवं महामाया मंदिर समिति के सदस्यगण एवं पंचायत समिति के सदस्यगण, समस्त ग्रामवासी तथा सहित साहू परिवार जुटे हुए है।

सिहावा स्कूल में इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र का वितरण

नगरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षक गोविन्द नारायण साहू और हेल्थ केयर शिक्षक हेमन्त साहू के मार्गदर्शन में इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पढ़ रहे 11वीं, 12वीं एवं आईटी के छात्र-छात्राओं के साथ उनके पालकों को आमंत्रित किया गया।

निगम क्षेत्र का एक सप्ताह में पूरा होगा सर्वे का काम

नक्शा प्रोजेक्ट के तहत जिले में ड्रोन फ्लाई सर्वे प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र धमतरी में नक्शा प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन फ्लाई सर्वे आज से प्रारंभ हो गया है। प्रतिदिन 5 शेड्यूल में ड्रोन फ्लाई कर एक सप्ताह के भीतर निगम क्षेत्र में सम्मिलित 40 वार्डो एवं पेरी अर्बन क्षेत्र का ड्रोन सर्वे पूर्ण कर लिया जायेगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इसके लिए क्लस्टरवार बनाये है। इसके साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। जिले में उक्त सर्वे हेतु सर्वे आफ इंडिया द्वारा आरवी इंजीनियरिंग कंस्ल्टेंसीज लिमिटेड, हैदराबाद को वर्क एजेंसी नियुक्त किया गया है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शामिल 40 वार्डो का क्षेत्रफल 23.40 वर्ग किमी है। जिसका केएमएल फाईल तैयार किया गया है। उसी के आधार पर 120 ग्राउंड कंट्रोल प्वाइंट और 2 बेस प्वाइंट निर्धारित किया गया है। राज्य में पहली बार 3डी इमेज वाली 2डी कैमरा व 4 एम आविलक एंगल्ड कैमरा युक्त ट्रीनिटी ड्रोन से सर्वे कर अर्थरेक्टिफाईड इमेजिंग तैयार कर जिला को प्रेषित किया जायेगा। जो जिओरिफ्रेन्स्ड नक्शा होगा। ओ आर आई मैप 1 और मौका में निर्मित भवन विन्यास परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन गठित 12 कलस्टर के टीम द्वारा किया जायेगा एंव प्रारंभिक अभिलेख तैयार किया जायेगा। एसओआई से प्राप्त मैप 2 का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा आपत्ति आहूत की जायेगी। दावा आपत्तियों का विधिपूर्वक निराकरण उपरांत प्राप्त नक्शा मैप 3 की अंतिम प्रकाशन कर दावा आपत्ति आहूत कर निराकरण उपरांत ऑनलाईन अभिलेख तैयार किया जायेगा।

ऐसे होगा सर्वे का काम

धमतरी नगरनिगम क्षेत्र का सबसे पहले चरण में ड्रोन से हवाई सर्वे कर ड्रोन से फोटो और वीडियो डेटा के रूप में संग्रहित किए जाएंगे। ड्रोन में लगे 2 डी नादिर कैमरा और ऑब्लिक एंगल कैमरा से विभिन्न कोणों से भवनों और अन्य संरचनाओं की फोटोग्राफी की जाएगी। निडार सेंसर कैमरे से पहाड़ी और अन्य दुर्गम क्षेत्रों की उन्नत 3 डी तकनीक वाली सटिक फोटोग्राफी होगी। दूसरे चरण में हवाई सर्वे के आंकड़ों का राजस्व एवं नगर निगम के अमले द्वारा जमीन पर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। तीसरे चरण में लोगों से दावा- आपत्तियां आमंत्रित कर उनके निराकरण के बाद सभी को उनकी सम्पत्तियों का अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार संग्रहित सम्पूर्ण डेटा और सम्पत्तियां नक्शा पोर्टल पर भी ऑनलाईन उपलब्ध रहेंगी, जिन्हें आमजन अपने उपयोग के अनुसार समय-समय पर पोर्टल से ऑनलाईन प्राप्त कर सकेंगे।

नक्शा परियोजना में धमतरी सहित राज्य के तीन शहर शामिल

भारत सरकार की यह महत्वपूर्ण परियोजना देश के 26 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों के 141 जिले के 152 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य से इस परियोजना के लिए धमतरी, जगदलपुर और अम्बिकापुर नगरीय निकायों का चयन किया गया है। धमतरी नगरनिगम क्षेत्र सहित लगभग साढ़े 23 वर्गकिलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन सर्वे किया जाएगा। धमतरी शहरी क्षेत्र में शामिल गोकुलपुर, सोरिदमाट, बठेना और हटकेश्वर में भी हवाई सर्वे किया जाएगा।

हसदा में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत हसदा में पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर विशेष ग्रामसभा बैठक रखा गया। छग के विष्णुदेव साय की सरकार मोदी की गारंटी में अटल डिजिटल सेवा केंद्र योजना का शुभारंभ किया गया।

इस योजना के माध्यम से गांव की आम नागरिक को समय, दूरी और पैसे की बहुत बचत होगी। अटल डिजिटल सेवा केंद्र योजना से आमजनता को घर बैठे सरकार की हर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। ग्राम पंचायत के माध्यम से जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र, आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, राजस्व संबंधित आवेदन, बीमा क्षेत्र ऑनलाइन, नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, पेंशन की भुगतान, पैनकार्ड, ड्राइवर लाइसेंस बनवाने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र ग्राम पंचायत के माध्यम से सुविधा प्रदान की जाएगी। जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या मामले में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, जनपद सदस्य कृषि सभापति राजेश साहू ग्रापं हसदा में सरपंच ईश्वरी साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष दुर्गेश यादव, उपसरपंच भूषण यादव, ग्रामीण अध्यक्ष काशी राम साहू, पंच गण जगन्नाथ महिलवार, अखिलेश साहू, कीर्तन राव, भागवत साहू, गुहा ध्रुव, बूथ अध्यक्ष रामेंद्र साहू, शुभम्-नागरची, राकेश साहू, गोकुल यादव, रामकुमार सेन विधायक प्रतिनिधि, सुशील साहू, दिनेश पटेल, मोहन साहू, दूज राम साहू, मोहन निषाद, त्रिलोचन साहू, धनेश्वर साहू, पंचायत सचिव छबि लाल, महेन्द्र साहू, खिलेश साहू, राकेश साहू एवं ग्रामवासी सभी पंचगण के उपस्थिति में जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया।

आतंक के खिलाफ लगे नारे, पुतला दहन किया, सड़क पर बैठे

पहलगाम - पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के साथ हुए अत्याचार के विरोध में विहिप बजरंग दल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने रविवार की संध्या घड़ी चौक में एकत्रित होकर पहलगाम में हिन्दुओं के साथ आतंकी घटनाएं एवं पं. बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिन्दुओं पर हमला अत्याचार के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। आतंकवादियों का पुतला दहन कर नारे लगाए। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग के साथ आतंकवाद को जड़ से खत्म करने केन्द्र सरकार से आग्रह किया। इस मौके पर शहर के गणमान्य नागरिक भी शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान प्रांत सुरक्षा प्रमुख प्रिंस जैन, विहिप जिलाध्यक्ष यशवंत साहू, विहिप जिलामंत्री रामचन्द्र देवांगन, दिलीप साहू, प्रखंड मंत्री रवि साहू, जिला संयोजक जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी भूमिका कोर्राम, गौरक्षा प्रमुख मानव यादव, जिला सहसंयोजक तुषार साहू, विजय साहू, चन्द्रकला पटेल, हरजिंदर सिंह आदि ने कहा कि अब भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित कर आतंकवाद का समूल नाश करने का समय आ गया है। आतंकवादी अब हिन्दुओं और सनातनी चिन्हांकित कर टारगेट कर रहा है। हिंसा, मारपीट, कत्लेआम, नरसंहार कर हिन्दुओं को डराने की कोशिश कर रहा है। अब आतंकवादियों को समाप्त करना निहायत जरूरी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पं. बंगाल में हिन्दुओं पर अत्याचार कर उनके घरों और संपत्ति को लूट रहे हैं। मारपीट कर कत्ल कर रहे हैं। पहलगाम में पर्यटकों को धर्म पूछकर गोलियां चलाई गई। प्रदर्शन के दौरान आतंकवादी मुर्दाबाद के नारे लगे और प्रतीक स्वरूप झंडे पोस्टर को सड़क में चिपकाकर जलाया गया। प्रदर्शन डेढ़ घंटे तक चला।

खरीफ 2025 : अनाज, दलहन-तिलहन और आधार प्रमाणित बीजों की विक्रय दर निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक में समिति द्वारा अनुमोदित खरीफ 2025 के लिए अनाज, दलहन-तिलहन प्रमाणित बीजों का विक्रय दर निर्धारित किया गया है। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय दर निर्धारित किया गया है।

खरीफ 2025 के लिए विक्रय दरें धान मोटा के लिए तीन हजार 550 रूपये, धान पतला के लिए चार हजार 30 रूपये, धान सुगंधित चार हजार 650 रूपये, कोदो सात हजार 300 रूपये, रागी चार हजार 500 रूपये, उड़द 11 हजार 300 रूपये, मूंग 11 हजार 400 रूपये, कुल्थी सात हजार 750 रूपये, सोयाबीन 7 हजार 400 रूपये, मूंगफली 11 हजार 900 रूपये, तिल 19 हजार 300 रूपये, रामतिल 13 हजार रूपये, ढेंचा 9 हजार 900 रूपये, सनई 11 हजार 600 रूपये, अरहर 10 वर्ष के अंदर 11 हजार 800 रूपये और अरहर 10 वर्ष के ऊपर का 12 हजार 500 रूपये प्रति क्विंटल विक्रय दर निर्धारित किया गया है। इसके तहत आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से एक सौ रूपये प्रति क्विंटल अधिक होगी।

झरिया गंधर्व समाज क्षेत्र सिहावा नगरी का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

झरिया गंधर्व समाज क्षेत्र सिहावा नगरी, गंधर्व समाज वार्षिक सम्मेलन महासभा सामाजिक बंधुओं की सिहावा क्षेत्र स्तरीय नगरी डिहीपारा वार्ड क्रमांक 7 बैठक में हुई जिसमें समाज के पदाधिकारी गण तथा सदस्य गण, युवा प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने सर्वप्रथम इष्ट देव शंकर भगवान और चित्ररथ गंधर्व महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, गणेश राम टांडेश अध्यक्ष झरिया गंधर्व समाज क्षेत्र सिहावा नगरी, दिनदयाल नेताम जिला अध्यक्ष झरिया गंधर्व समाज धमतरी, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, हृदय लाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, राजा पवार पार्षद, देवचरण ध्रुव, मिक्की गुप्ता पार्षद, नरेश कुमार पटेल पार्षद, चेलेशवरी, अलका साहू, डागेशवरी साहू, अश्वनी निषाद, अंबिका ध्रुव, यशकरण पटेल, शंकर लाल देव, हरीश साहू और समाज के पदाधिकारी गण गणेश राम, गणेश राम नागर्ची, बृजभूषण बघेल, सेवक राम बघेल, बसंत, धुरुऊ राम भतरे, सुखीराम नागर्ची, सुरेश कुमार झारिया, शंकर लाल देवदास, अध्यक्ष चमेली बाई सोनवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती रुखमणी बाई बघेल, धनेश्वरी नेताम व सदस्य गण उपस्थित थे।

नगरी में आतंकवाद के खिलाफ निकाली रैली

■ बजरंग चौक नगरी पर नारेबाजी करते दिखाई दिए हिंदू

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी नगर में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आज सैकड़ों की संख्या में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध करते हुए आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर रैली निकाली और आतंकवादियों के हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने बजरंग चौक नगरी में इकट्ठे हुए। यहां सभी धर्म, जाति, संस्था के लोगों ने मिलकर आतंकवाद के खात्में की मांग करते हुए पहलगाम में हुए पर्यटकों की हत्या की कड़ी निंदा की। वहीं आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए रैली की शुरुआत की गई। यह रैली बस स्टैंड नगरी के मुख्य मार्गो से होती हुई बजरंग चौक नगरी पहुंची जहां मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, राजा पवार, यशवंत साहू, निखिल नेताम, राकेश चौबे, हिमांशु कौशर, सुरेंद्र लहरे, राजेश नाथ गोसाई, विकास जैन, चैतन्य समीर शुभम गोलू विकेक कुनाल राकेश, संजय साथ ही बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन के लोग उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

हेल्थ केयर के स्टूडेंट्स ने सिखाए इलाज के गुर

बकावंड। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकावंड के हेल्थ केयर के 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप कार्यकम संपन्न हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकावंड में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर पाठयक्रम में अध्ययनरत 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में 10 दिवसीय इंटर्नशिप आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के अंतर्गत हेल्थ केयर के विद्यार्थियों को हॉस्पिटल से संबंधित प्रायोगिक प्रशिक्षण जैसे ब्लड प्रेशर टेम्प्रेचर मापना, प्लस रेट जांचना, श्वसन परखना, ब्लड सैंपल लेना, ओपीडी पर्ची बनाना, इंजेक्शन के प्रकार एवम डिग्री इत्यादि लेना सिखाया गया। यह 10 दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक छात्रों द्वारा पूर्ण किया गया। इस दौरान हॉस्पिटल स्टाफ एवं विद्यायल के व्यावसायिक प्रशिक्षक अक्षय बंजारे उपस्थित थे।

वार्षिक परीक्षा में अव्वल बच्चों को किया पुरस्कृत

भानपुरी। विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला सिवनी संकुल केंद्र सिवनी में संकुल स्तरीय शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया। शाला संग्रहालय के उद्घाटन मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासिन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना सें हुई। शाला संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ बच्चों को संस्कृति का ज्ञान देना है। समुदाय के पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन हेतु प्राचीन भाषाओं और संस्कृति को जानना, बच्चों के खोजी प्रवृति का विकास करना, पारंपरिक संस्कृति के ज्ञान को स्कूली ज्ञान से जोड़ना है। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउन्डेशन के पहल से शाला संग्रहालय का शुभारंभ बस्तर विकासखंड के शालाओं में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल केंद्र सिवनी में शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया। शाला संग्रहालय के साथ साथ वार्षिक परीक्षा में कक्षा 1 से 8 तक के उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया ।

किसानों को बी-1 एवं किसान किताब का वितरण

सुकमा। जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत किसानों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का तीव्र गति से निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों द्वारा किए गए आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ उन्हें बी-1 तथा किसान किताब का वितरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के कुशल निर्देशन तथा मार्गदर्शन में यह कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हो किया जा रहा है। नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी व्यक्ति के आवेदन निराकरण में विलंब न हो। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

670 गांवों में से 400 ग्राम की सर्वे रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी गई

जल अभाव क्षेत्र घोषित होने के बाद प्रशासन प्रतिदिन बीस गांवों का कर रहा मॉनिटरिंग

- पीएचई ने माना कि अंचल में भूमिगत जलस्त्रोत नीचे चला गया
- पेयजल की व्यवस्था तत्काल होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्राकृतिक संसाधानों की अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है। पेड़ों की कटाई, जमीनों में भवन बनना, रेत, गिट्टी, मुरूम की अवैध खुदाई से जिले का वाटर लेवल 20 से 50 फीट तक नीचे चला गया है। रूद्री में तो 150-200 फीट में भी पानी नहीं मिल रहा है। कुछ गांव तो ऐसे हैं जो एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहा है। नजदीक के गांव गंगरेल से सटे होने के बाद प्यासे हैं। ग्राम बेन्द्रानवागांव, मोहलई, सोरम भटगांव आदि ऐसे गांव हैं जहां शुद्ध पेयजल का अभाव है। लोगों को लंबी दूरी तय करके पानी लाना पड़ रहा है।

स्थिति को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जलाभाव क्षेत्र घोषित करते हुए बोर खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। अतिआवश्यक होने पर संबंधित सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक कर दिया गया है। इसके अलावा जिले के 670 गांवों में सर्वे कर पेयजल की स्थिति की जानकारी लेने पीएचई विभाग को निर्देशित किया है। जिसमें परिपालन में विभाग प्रतिदिन 20 गांवों का सर्वे करने जुटी है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक 400 गांवों का सर्वे कर चुकी है। जिसमें पाया गया है कि कुछ गांवों में पेयजल की भारी दिक्कत है। कुछ गांवों में मध्यम स्थिति है। वाटर लेवल नीचे चले जाने के कारण शासन का नल जल योजना फेल हो गया। बोरवेल सूखने से पानी की किल्लत हो गई है। तत्कालिक रूप से पेयजल की व्यवस्था ग्रामीणों के लिए की जा रही है।

विभाग ने जानकारी में बताया कि गंगरेल बांध के पानी को शुद्ध करके पीने लायक बनाने फिल्टर प्लांट बनाने की आवश्यकता है ताकि आसपास के 150 से अधिक गांवों में पाइप लाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा सके। यह स्थायी और कारगर साधन हैं इससे लोगों को भरपूर पेयजल प्राप्त होगा। इसकी सर्वे रिपोर्ट जिला प्रशासन के माध्यम से डीपीआर शासन को भेजी गई है जिसमें 350 करोड़ रूपये व्यय हो सकते हैं। शासन से स्वीकृति नहीं मिली है।

पीएचई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र को जलअभाव क्षेत्र घोषित करने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी की समस्या से त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें शिफ्टवार 5 अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। टीम प्रतिदिन 20 गांवों से जानकारी लेकर समाधान के लिए जिला प्रशासन को अवगत करा रहे हैं। इस कंट्रोल रूम में दिए गए नंबरों से संपर्क कर समाधान लिया जा सकता है।

पीएचई डिवीजन के सहायक अभियंता दीपक कनाडे को धमतरी क्षेत्र का मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक अभियंता एसके ठाकुर को नगरी क्षेत्र, सहायक अभियंता पीएचई खंड कुरूद को इसी क्षेत्र में तथा स्वराज पदमवार कार्यपालन अभियंता धमतरी को जिम्मेदारी दी गई है। इनके अधीनस्थ कर्मचारी सर्वे रिपोर्ट तैयार करेंगे।

शहर में रात में हो रहा बोर खनन

सूत्रों के मुताबिक धमतरी शहर के अंदर बोरवेल खनन का कार्य अवैध रूप से अनवरत जारी है जबकि कलेक्टर ने गर्मी के इन 3 माह में क्षेत्र को जलाभाव क्षेत्र घोषित कर बोरवेल खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। रात में बोरवेल मशीन लगातार रात भर खुदाई कर रहे हैं। सुबह तक बोरवेल कम्पलीट हो रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ विभाग द्वारा चिन्हांकित कर दण्डनात्मक कार्रवाई करने का आग्रह नागरिकों ने किया है ताकि भू-जल स्तर पर छेड़छाड़ न किया जा सके। ऐसी ही स्थिति कुछ गांवों में भी है जहां प्रतिबंध के बाद भी बोरवेल खनन हो रहा है।

तेज अधड़ बारिश और ओले ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही अचानक मौसम का रुख बदल रहा है। कभी तेज हवा चल रही है तो कभी बारिश हो रही है तो कभी ओले गिर रहे मौसम बदलने से क्षेत्र के किसान चिंतित और परेशान हैं।

रवि सीजन में धान की फसल लगी हुई है जो पक कर काटने की स्थिति में हैं। अचानक मौसम की खराबी के चलते पूरे धान के पौधे लिपटकर सो रहे हैं बारिश से बालिया झड़ रही हैं। जिससे बीमारी का प्रकोप शुरू हो रहा है। सोमवार की दोपहर तड़के धूप था। अचानक 4:00 बजे मौसम ने करवट बदली और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई और जिसमें ओले भी गिरे हैं जिससे किसानों की आफत आ गई और उनकी चिंता बढ़ गई है।

सोमवार के साप्ताहिक बाजार मगरलोड बाजार शुरू हुआ था कि बारिश और ओले से पूरा व्यापार बाजार तितर बितर हो गया। लोगों के साथ व्यापारी भी अपनी सब्जियों के लेनदेन छोड़ चबूतरा में सिर छिपाने इकट्ठे हो गए। बारिश इतनी तेज थी कि पूरे सब्जी बाजार में पानी में भर गया।

सामाजिक निर्वाचन को लेकर विचार-विमर्श

- जिला साहू समाज ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

धमतरी। जिला साहू समाज की बैठक अवनेन्द्र साहू की अध्यक्षता में बांसपारा धमतरी में आयोजित की गई जिसमें जिला, तहसील एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारी सामाजिक निर्वाचन को लेकर गहन चिंतन किया साथ ही कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कठोर निंदा की गई। हमले में शामिल आतंकवादियों संहित आतंकवाद की जड़ को अतिशीघ्र समाप्त कर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए मारे गए पर्यटकों को मौन श्रद्धांजलि दी गई।

आगामी दो दिनों में 2 से 4 डिग्री पारा चढ़ेगा

तेज हवा के साथ गरजा बादल हुई हल्की से मध्यम बारिश

धमतरी। सोमवार शाम को तेज हवाओं के साथ आसमान पर बादल घिर आए। तेज गर्जना के साथ अंचल में घंटे भर हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन बिजली गुल होने से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग पिछले 2 दिनों से मौसम अपडेट साझा कर रही है। जिसमें कौन-कौन से जिलों में कितने बजे बारिश, बिजली गरजने तेज हवाओं का जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। सिनोप्टिक सिस्टम में एक द्रोणिका पश्चिमी हवाओं में अक्षांश 19 उत्तर के उत्तर में देशांतर 82 पूर्व के साथ औसत समुद्र तल से 3.1 से 9.6 ऊपर पर है। वहीं उत्तर दक्षिण द्रोणिका पश्चिम विदर्भ से मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक होते हुए उत्तरी केरल तक समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से मंगलवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। चेतावनी में कहा गया है कि मंगलवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। आने वाले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

पोस्ट ऑफिस वार्ड में सुनी मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पोस्ट ऑफिस वार्ड में युवा भाजपा नेता मुकेश शर्मा के निवास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, मुकेश शर्मा, चित्ररेखा निर्मलकर, श्यामा साहू, पार्षद चंद्रभागा साहू, पार्षद, कुलेश सोनी, पार्षद युगलकिशोर यादव, विशाल त्रिवेदी, लता सोनी, सीमा चौबे, ऋतु त्रिवेदी, देवेंद्र ध्रुवंशी, श्याम तिवारी, देवेंद्र पटेल, रामेश्वर पुरी गोस्वामी, मुस्कान शर्मा उपस्थित थे।

शहर में निकलेगी ब्रह्म गर्जना वाहन रैली व भगवान परशुराम की पालकी शोभायात्रा

- आयोजन को सफल बनाने ब्राह्मण युवा मंच की बैठक सम्पन्न
- समाज द्वारा सभी तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज धमतरी द्वारा अपने आराध्य भगवान परशुराम जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाने तैयारी चल रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में इस बार भगवान परशुराम का त्रिदिवसीय प्राकट्य उत्सव मनाया जाना तय है जहां प्रथम दिन 29 अप्रैल को ब्राह्मण युवा मंच द्वारा ब्रह्म गर्जना वाहन रैली संध्या 5 बजे माँ रिसाई माता मंदिर से निकाली जायेगी द्वितीय दिवस 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के दिन सुबह 10 बजे से अभिषेक, पूजन, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। वहीं महिलाओं द्वारा दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा पश्चात संध्या 6 बजे स्थानीय भगवान परशुराम चौक में 108 दीप प्रज्वलित किया जायेगा। वहीं अंतिम दिवस 2 मई को संध्या 5 बजे नगर के हृदय स्थल घडी चौक में सर्व समाज द्वारा भगवान परशुराम की महाआरती के पश्चात अष्टधातु से निर्मित भगवान परशुराम की मूर्ति की पालकी शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकलेगी जो सदर बाजार होते हुए माँ विंध्यवासिनी मंदिर में समाप्त होगी।

युवा मंच अध्यक्ष शुभांक मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देकर सभी से विचार विमर्श कर आयोजन को सुनियोजित ढंग से सफल बनाने विभिन्न दायित्वों का आबंटन किया। वहीं युवा मंच के विक्रांत शर्मा, पीयूष पाण्डेय, आशुतोष शर्मा व दीपक पाण्डेय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से हम सभी समाजजन मिलकर कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाते हैं। इस वर्ष भी यह आयोजन ऐतिहासिक आयोजन होगा। ब्राह्मण समाज के अन्य युवा साथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

ब्राह्मण युवा मंच द्वारा क्रमबद्ध सभी आयोजन में युवाओं तथा सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज धमतरी के हर घर से वरिष्ठ जनों, माताओं, बहनों की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से रोहिताश मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, डिगेश शर्मा, राजेश त्रिपाठी, अविनाश दुबे, यश दुबे, रत्नेश मिश्रा, प्रतीक तिवारी, आदर्श राजा शर्मा, देवेन्द्र त्रिपाठी, निशु दुबे, दिव्य दुबे, निशांत शर्मा, अमन पाण्डेय, बब्बू मिश्रा, अभिषेक शर्मा, रितेश मिश्रा, प्रेम दीवान, प्रणव पाण्डेय एवं बड़ी संख्या में मंच के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं आभार व्यक्त पीयूष पाण्डेय ने किया।

मधुबन पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मधुबन पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवानी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कु.सृष्टि 98% प्रथम, पुष्पजीत 97.33% द्वितीय, कक्षा पहेली से कु. धारणा 96% प्रथम, कु. सुकृति 95.3% द्वितीय, कक्षा द्वितीय से कु. लिपिका 95.33% प्रथम, कु. भीष्मा 94.6% द्वितीय, कक्षा तीसरी से कु. साक्षी 96% प्रथम, कु. दीक्षा 95.83% द्वितीय, कक्षा चतुर्थ से तिलक 95.83% प्रथम, कु. फ़ामेश्वरी 93.66% द्वितीय, कक्षा छठवीं से कु. कंचन 97.88% प्रथम, कु. कश्मीता 97.33% द्वितीय, कक्षा सातवीं से कु. कनिका 98.16% प्रथम, कु. हर्षिता तेली 98.5% द्वितीय, कक्षा नवमी से कु. पूर्विका 97.16% प्रथम, कु. हेमवर्षा 93.1% द्वितीय, कक्षा ग्यारवीं कला से कु. लक्ष्मी 87% प्रथम, सत्यप्रकाश 78.4% द्वितीय, कक्षा ग्यारहवीं बायो से कु. खुशी साहू 86.8% प्रथम, कु. शशि निषाद 85.2% द्वितीय के साथ उत्तीर्ण रहे।

इस अवसर पर मुख्य अथिति देवंतीन बाई ध्रुव, विशिष्ट अतिथि राधा बाई, तुलेश्वरी साहू, गोवर्धन साहू, पुरूषोतम साहू तथा शिक्षक स्टाफ से प्राचार्य बी के साहू, बी एल निषाद, एल के साहू, के के साहू, आर सी साहू, डी एस दीवान, सानंद यादव, धमेंद्र यादव, टी के साहू, रीतुरानी निर्मलकर, अमलेश्वरी सेन, झरना साहू, गायत्री साहू, रुपसिंह कंवर सहित पालक गण एवम विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

एनएचएम कर्मचारी 1 मई को स्वास्थ्य भवन का घेराव करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 1 मई को स्वास्थ्य भवन का घेराव किया जायेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा समय पर वेतन नहीं मिलने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 1 मई मजदूर दिवस पर स्वास्थ्य भवन रायपुर का घेराव किया जायेगा जिसमें प्रदेशभर के सैकड़ों एनएचएम कर्मचारी शामिल होंगे। इसी क्रम में जिला अस्पताल के एनचएम कर्मचारियों ने सोमवार को सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोण्डर को ज्ञापन सौंपकर 1 मई को सामूहिक अ व का श लेकर स्वास्थ्य भवन घेराव में जाने की सूचना दी है। इस दौरान एनएचएम जुलाई 2023 में विधानसभा में मुख्यमंत्री 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि प्रदेश के एनएचएम कर्मियों को आज तक प्राप्त नहीं हुआ है जबकि अन्य विभागों को वेतनवृद्धि का लाभ मिल चुका है। इस दौरान डॉ. केशव, सेमन देवांगन, हेमलाल यादव, खूबलाल साहू, दीपा गजेन्द्र, गुलशन कुमार, भूषण सिन्हा, संतोष कुशवाह, गितेन्द्र साहू, यशोदा सिन्हा, लेमिन ध्रुव, प्रीति साहू, कुशाल साहू, दिनेश्वरी सहित अन्य एनएचएम कर्मचारी शामिल रहे।

सहायक शिक्षक फेडरेशन ने परिजन को दी संवेदना राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सहायक शिक्षक फेडरेशन के सक्रिय सदस्य हरिशंकर साहू सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला चिंवरी के निधन पर सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई कुरूद द्वारा संकुल संकरी तथा संकुल सिर्री के शिक्षकों के विशेष सहयोग से शोकाकुल परिजन को 60600 रुपए संवेदना राशि प्रदान की गई ।

बता दें कि 22 अप्रैल को सहायक शिक्षक फेडरेशन के संकुल सिर्री के संकुल अध्यक्ष हरिशंकर साहू का हृदयाघात के चलते आकस्मिक निधन हो गया। संवेदना राशि हेतु ब्लॉक में अपील की गई। परिणाम स्वरूप 60600 रुपये की धनराशि एकत्रित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि स्वरुप भेंट की गई। इस अवसर पर सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू, कोषाध्यक्ष फ़ालेश्वर कुर्रे, सचिव हेमलाल साहू, सहसचिव शंकरदास मानिकपुरी, ब्लॉक प्रवक्ता रामेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा कन्नौजे, जोन प्रभारी चेतन लाल साहू, डोशन साहू, निर्मल प्रकाश सोनी, दिलीप कुमार साहू, रामनारायण साहू, नरेंद्र कुमार साहू, देवनाथ साहू, मिथिलेश कुमार साहू एवं सिर्री समन्वयक राम निहोरा साहू, संकरी समन्वयक बिशन राम साहू, दिनेश कुमार साहू उपस्थित थे।